# कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बिल्हा, जिला–बिलासपुर(छ.ग.)

## –: अनापत्ति प्रमाण पत्र :–

क्रमांक /          /अनु.दण्डा. / रीडर – 01 / 2015                    बिल्हा, दिनांक 29.06.2015

प्रमाणित किया जाता है कि इस अनुविभाग में श्रीश्री विद्यासागर जी महराज एजुकेशन ट्रस्ट बोदरी, प0ह0नं0 01 तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर द्वारा एलसीआईटी पब्लिक स्कूल बोदरी में संचालित किया जा रहा है। ग्राम बोदरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 294 / 1 रकबा 4.00 एकड़ में से रकबा 2.10 एकड़ भूमि पर चार मंजिला भवन स्थित है। जिसमें इस शैक्षणिक सत्र् वर्ष 2015–16 में संस्था कक्षा 09वीं से 12वीं तक संचालित करना चाहते है एवं सी.बी.एस.सी. से मान्यता चाहते है। इस संबंध में जांच की गई। ग्राम बोदरी, प0ह0नं0 01 महाल नंबर 01 में स्थित निजी भूमि खसरा नंबर 294 / 1 रकबा 4.00 एकड़ में से रकबा 2.10 एकड़ भूमि पर चार मंजिला भवन स्थित है। जिसमें आवेदक संस्था इस शैक्षणिक सत्र् वर्ष 2015–16 में कक्षा 09वीं से 12वीं तक का संचालन करना चाहते है एवं सी.बी.एस.सी. से मान्यता चाहते है। आवेदित भूमि खसरा नंबर 294 / 1 श्रीश्री विद्यासागर जी महराज एजुकेशन ट्रस्ट के नाम से दर्ज है। जिसका डायवर्सन हो चुका है। कक्षा 09वीं से 12वीं इस शैक्षणिक सत्र् (2015–16) में संचालन करने एवं सी.बी.एस.सी. से मान्यता दिये जाने पर इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। यह अनापत्ति प्रमाण पत्र मात्र एक साल के लिए जारी किया जाता है।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
बिल्हा, जिला बिलासपुर छ0ग0

पृ0क्रमांक /773/ अनु.दण्डा. / रीडर – 01 / 2015                    बिल्हा, दिनांक 29.06.2015

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर महोदय बिलासपुर को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर को इस टीप के साथ कि अनुमति देने के पूर्व सी.आर.एस. योजना के तहत अनुविभाग बिल्हा में निर्माण कार्य कराये जाने की सहमति लेकर अनुमति जारी करें।
3. तहसीलदार बिल्हा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्राचार्य एलसीआईटी पब्लिक स्कूल बोदरी, जिला बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत बोदरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. पटवारी हल्का नंबर 01 बोदरी को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
बिल्हा, जिला बिलासपुर छ0ग0

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

अनुविभागीय दण्डाधिकारी बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) सत्यमेव जयते